बीएचयू के डॉ. अमयि कुमार समल राष्ट्रीय युवा भूवैज्ञानकि पुरस्कार से सम्मानति

चर्चा में क्यों?

24 जुलाई, 2023 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन सांस्कृतकि केंद्र में आयोजति एक भव्य समारोह में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी के भूविज्ञान विभाग में सहायक प्रोफेसर डॉ. अमयि कुमार समल को खान मंत्रालय के प्रतष्ठिति राष्ट्रीय युवा भूवैज्ञानकि पुरस्कार- 2022 (एनजीए) से सम्मानति किया।

प्रमुख बिंदु

- विदिति है कि राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार- 2022 (एनजीए) में देश भर के कामकाजी पेशेवरों और शिक्षाविदों सहति 22 भूवैज्ञानिकों ने तीन श्रेणियों-लाइफ टाइम अचीवमेंट के लिये एक राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार, एक राष्ट्रीय युवा भूवैज्ञानकि पुरस्कार और भूविज्ञान के विभिन्नि क्षेत्रों में आठ राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार के तहत सम्मान हासलि किया।
- लाइफटाइम अचीवमेंट के लिये राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार डॉ. ओम नारायण भार्गव (मानद प्रोफेसर, भूविज्ञान विभाग पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़) को दिया गया। वह पिछले चार दशकों में हिमालय में अपने उल्लेखनीय कार्य के लिये जाने जाते हैं।
- बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर डॉ. अमयि कुमार समल को भारतीय सतह के विभिन्नि आर्कियन क्रेटन के नीचे उप-महाद्वीपीय लिथोस्फेरिक मेंटल (एससीएलएम) की विविधिता को समझने में उनके महत्त्वपूर्ण योगदान के लिये राष्ट्रीय युवा भूवैज्ञानकि पुरस्कार प्रदान किया गया है।
- उल्लेखनीय है कि 1966 में शुरू हुए राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार (एनजीए) उन असाधारण लोगों और संगठनों के लिये सम्मान और प्रशंसा का प्रतीक है, जिन्होंने भूविज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्टता, समर्पण और नवाचार का प्रदर्शन किया है। ये पुरस्कार खनिजों की खोज और अन्वेषण, बुनियादी भूविज्ञान, अनुप्रयुक्त भूविज्ञान और खनन, खनजि अधशिोधन और सतत खनजि विकास के क्षेत्र में प्रदान किये जाते हैं।
- राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार-2022 के लिये कुल 173 नामांकन प्राप्त हुये थे। तीन पुरस्कार श्रेणियों के तहत वैध नामांकनों की संख्या 168 है। कुल 12 पुरस्कारों में से, एएमए ने अंतत: 10 पुरस्कारों का चयन किया है, जिनमें 4 व्यक्तिगत पुरस्कार, 3 टीम पुरस्कार और 3 संयुक्त पुरस्कार शामिल हैं। 4 व्यक्तिगत पुरस्कारों में लाइफटाइम अचीवमेंट के लिये राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार के वास्ते एक पुरस्कार और राष्ट्रीय युवा भूवैज्ञानकि पुरस्कार के लिये एक अन्य पुरस्कार भी शामिल हैA

क्र. सं.	**पुरस्कार की श्रेणी**	**पुरस्कारों की संख्या**
1.	लाइफटाइम अचीवमेंट के लिये राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार	1 पुरस्कार
2.	राष्ट्रीय भूवैज्ञानकि पुरस्कार	8 पुरस्कार (3 टीम पुरस्कार+3 संयुक्त पुरस्कार + 2 व्यक्तिगत पुरस्कार = 20 पुरस्कार विजेता)
3.	राष्ट्रीय युवा भूवैज्ञानकि पुरस्कार	1 पुरस्कार
	कुल	**10 पुरस्कार (22 पुरस्कार विजेता)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bhu-s-dr-amiya-kumar-samal-honoured-with-national-young-geoscientist-award